HAPUR POLICE

प्रेस नोट

थाना - बहादुरगढ़ **दिनांक 22.11.2026**

- **थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम भदस्याना में 03 मकानों में हुई चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 04 बाल अपचारी सहित 06 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार।**
- **जिनके कब्जे से चोरी किये गए सफेद व पीली धातु के आभूषण व 24,820/- रुपये नकदी, अवैध असलहा बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा दिनांक 20.11.2026 की रात्रि में थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के ग्राम भदस्याना में 02 मकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त विक्की द्वारा दिनांक 13.07.2026 को ग्राम भदस्याना निवासी राहुल तोमर के घर में चोरी करने की घटना को स्वीकार किया है, जिसके सम्बन्ध में थाना बहादुरगढ पर मु0अ0स0 168/26 धारा 305/331(4) बीएनएस पंजीकृत है।**

कार्यवाही:-



हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं चोरो/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 303/2026 धारा 305, 331(4) बीएनएस व मु0अ0स0 168/26 धारा 305, 331(4) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए 04 बाल अपचारी सहित 06 अभियुक्तों को ग्राम आलमनगर शिव मन्दिर के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से चोरी किये गए सफेद व पीली धातु के आभूषण व 24,820/- रुपये नकदी, अवैध असलहा बरामद हुआ है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता:-

1. विक्की पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम भदस्याना थाना बहादुरगढ जनपद हापुड।
2. विशाल पुत्र दयाराम निवासी ग्राम नैथला हसनपुर थाना चोला जनपद बुलंदशहर।
3. 04 बाल अपचारी (A, B, C, D)।

बरामदगी का विवरण:-

- **चोरी किये गए आभूषण-** 01 नाक की नथ पीली धातु, 09 जोडी बिछुवा, 01 मांग का टीका, 03 अगूठी सफेद धातु, 03 जोडी पायल, 01 जोडी कुण्डल, 02 कानों के झाले, 06 टुटी सफेद बिछवे, 01 टूटी सफेद धातु चैन, 02 पाजेब के घुघंरू, 02 सफेद कान की बाली, 07 पायल के नग, 02 पीली धातु के टॉप्स, 01 कान की चैन पीली धातु, 01 अगूठी पीली धातु।
- 24,820/- रूपये नगद।
- 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. थानाध्यक्ष श्री इंद्रकान्त थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़।
2. उ0नि0 श्री सचिन कुमार थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड।
3. उ0नि0 श्री अखिलेश कुमार थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड।
4. उ0नि0 श्री लक्ष्मण सिंह थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड।
5. है0का0 596 विचित्र राणा थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड।
6. है0का0 782 गौरव कुमार थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड।
7. है0का0 324 नकुल कुमार थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड।
8. है0का0 201 रोहित मलिक सर्विलांस सेल जनपद हापुड।